हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

09 कोसमंदी में हुआ मातृ सम्मेलन



10 कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बसंत उत्सव पर निकाली ...





## खबर संक्षेप

### शराब का अवैध परिवहन, दो पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब के अवैध परिवहन के मामले में कोमाखान थाने में दो लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सुवरमाल चौक स्कूल के पास आरोपी भोला महानंद पिता हरिलाल महानंद (30 साल) अमनपुरी चौकी टुहलू थाना कोमाखान और नरेंद्र यादव पिता पुरूषोत्तम यादव (26 साल) अमनपुरी चौकी टुहलू थाना कोमाखान के कब्जे से 23 नग (पौवा) अंग्रेजी शराब कीमत 3680 तथा एक कार कीमत 200000 रुपए को बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट, गाली गलौज दो के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** मारपीट और गाली गलौज के मामले में बलौदा थाने में दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 8 फरवरी की शाम 6.30 बजे प्रार्थी अमित साहू पैदल अपने घर से खोखेपुर पुल तरफ आया, तो देखा शेखर महापात्र अपने साथी वरूण तिवारी ऊर्फ भोला के साथ पुल के नीचे बैठा था। जिससे प्रार्थी ने पूछा कि मेरे पिताजी के साथ तुमने गाली गलौज क्यों किया था। इस पर दोनों आरोपियों ने एक राय होकर गाली गलौज कर अमित के साथ मारपीट करते हुए किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बागबाहरा क्षेत्र में सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन, वाहन जब्त

**महासमुंद।** वन विभाग ने सागौन लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे एक वाहन को जब्त किया है। यह कार्रवाई अंतरराज्यीय जांच नाका टेमरी में की गई। महासमुंद वनमंडल के बागबाहरा परिक्षेत्र अंतर्गत ओडिशा सीमा पर स्थित अंतरराज्यीय वनोपज जांच नाका टेमरी में जांच के दौरान अवैध रूप से सागौन का परिवहन करते हुए एक महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक आरजे 19 एच 5254 को रोका गया। वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत ट्रांजिट पास आम की लकड़ी के परिवहन हेतु जारी पाया गया, जो कि फॉरेस्ट ऑफिसर, पेंडूथी सेक्शन, विशाखापट्टनम रेंज द्वारा निर्गत था। ट्रांजिट पास के अनुसार वाहन में आम चिरान 300 नग (3.12 घनमीटर) परिवहन किया जाना दर्शाया गया था। लेकिन वाहन की जांच के दौरान आम चिरान के नीचे 1.85 घनमीटर सागौन चिरान को योजनाबद्ध रूप से छिपाकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। मामले में विभाग ने वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

# आज से खिलाई जाएगी 13 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया की दवा

## 10 से 25 फरवरी तक चलेगा अभियान, दो हजार से अधिक बूथ पर 43 सौ से अधिक कर्मचारी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

फाइलेरिया रोग के रोकथाम हेतु सामूहिक दवा सेवन गतिविधि की शुरुआत 10 फरवरी से जिले में भी आरंभ हो रही है। इस हेतु टीम गठन, बूथ का चिन्हांकन, प्रशिक्षण, दवाई की व्यवस्था जैसी जरूरी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिले के अन्य प्रमुख विभागों जैसे पंचायत, राजस्व, महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग को भी समन्वय बना कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा अभियान की कड़ाई से निगरानी की भी बात कही गई है। अभियान में लापरवाही होने पर कार्यवाही भी की जाएगी।



### 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर देगी दवाई

अभियान के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि जिला बलौदा बाज़ार -भाटापारा में आई डीए दी जाएगी। 10 से 25 फरवरी तक ज़ारी रहने वाले इस सामूहिक दवा सेवन गतिविधि में आरंभ के तीन दिन बूथ वार दवाई का सेवन कराया जाएगा। दवाई डॉट्स पद्धति अर्थात स्वास्थ्य कार्यकर्ता के समक्ष ही खाई जानी है। इस दौरान फाइलेरिया रोग से बचाव और दवा से होने वाले लाभ को भी समुदाय में प्रसारित करना है। 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर दवाई सेवन कराएगी जबकि 23 से 25 फरवरी के बीच मॉप अप राउंड में छूटे हुए लोगों तक पहुँचने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हर स्तर की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

वेक्टर बोर्न रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ पकंज वर्मा के अनुसार फाइलेरिया जिसे आम बोल चाल में हाथीपांव का वर्ष 2027 तक उन्मूलन किया जाना है। इस हेतु की जा रही सामूहिक दवा सेवन गतिविधि अंतर्गत कुल 13 लाख 11 हज़ार 5 सौ 80 लोगों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 2 हज़ार 1 सौ 88 बूथ पर 4 हज़ार 3 सौ 76 लोग ड्यूटी करेंगे। यह अभियान जिले के 805 ग्रामों में संपादित किया जाएगा। कार्यक्रम की निगरानी हेतु हर पांच बूथ पर एक सुपरवाइजर और हर 10 सुपरवाइजर के ऊपर एक सेक्टर सुपरवाइजर को जिम्मेदारी दी गई है। किसी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु 30 रैपिड रेस्पॉन्स टीम भी ▶▶ शेष पेज 08 पर

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा युवा संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल

# युवा अपनी क्षमता विस्तार से भविष्य की योजना बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वित्त मंत्री एवं यूथ आइकॉन ओपी चौधरी ने सोमवार को केंद्रीय बजट 2026-27 विषय पर जिला ऑडिटोरियम में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की जयघोष के साथ युवाओं से संवाद प्रारम्भ किया।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर आईएएस बनने तक की जीवन संघर्ष और अभावों के बावजूद मंजिल हासिल करने की खुद के अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि अगर कुछ बनने की ठान लें तो विपरीत परिस्थिति या अभाव भी बाधा नहीं बनते। उन्होंने कहा कि युवा परिवर्तन के वाहक होते हैं, किसी भी क्षेत्र में काम करने का जुनून हो तो वह काम होकर रहता है। अवसर को सफतला में परिवर्तन करने के लिये युवाओं को अपनी क्षमता विस्तार से भविष्य ▶▶ शेष पेज 08 पर

### हम होंगे कामयाब अंतर्गत 61 युवाओं को मिला रोजगार नियोजन पत्र





### युवा संवाद में केंद्रीय बजट व विकसित भारत 2047 के विजन पर हुई सार्थक चर्चा : टंकराम वर्मा

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि युवा संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय बजट एवं युवाओं के भविष्य निर्माण पर सार्थक चर्चा हुई। केंद्रीय बजट में केवल वर्ष 2026-27 की योजनाएं ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक विकसित भारत के विजन को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि हमारा देश युवा शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है और युवा शक्ति इंजन के रुप में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामूहिक नेतृत्व मे यह बजट युवाओं के लिये गेम चेंजर होगा।कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, अखिलेश सोनी एवं जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया।

### महिला आरक्षकों व खिलाड़ियों का सम्मान

कार्यक्रम में हम होंगे कामयाब के तहत 61 युवाओं को रोजगार नियोजन पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही जिले के नव नियुक्त 10 महिला आरक्षकों, मल्लखम्ब के 3 एवं क्रिकेट के 2 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, जिला अध्यक्ष प्रणम्य पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पंचायतों से किया संवाद

**बलौदाबाजार।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा संपर्क से संवाद कार्यक्रम के तहत संपर्क केंद्र से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की 10 ग्राम पंचायतों से सीधा संवाद स्थापित किया गया।

संवाद का मुख्य उद्देश्य जिले को फाइलेरिया (हाथीपांव) जैसी गंभीर बीमारी से पूर्णतः मुक्त करने के लिए ग्रामीण स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। चर्चा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की बारीकियों से अवगत कराया और शत-प्रतिशत दवा सेवन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान जोर दिया गया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए जन-जागरूकता और सामुदायिक सहयोग अत्यंत आवश्यक है। संपर्क से संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और ग्राम पंचायतों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है, ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

# चलती बस में लगी आग, हुई खाक, बाल-बाल बचे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडीबंगला





बलौदाबाजार–रायपुर मुख्य मार्ग एनएच 130 बी पर भैंसा के पास रविवार सुबह करीब 9 बजे एक चलती राजधानी बस में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते बस आग की लपटों में घिर गई और कुछ ही देर में पूरी तरह बस जलकर खाक हो गई। गनीमत यह रही कि बस में सवार सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार राजधानी बस पलारी के संडी गांव से निकलते समय ही हल्का-हल्का धुआं छोड़ रही थी, लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। आगे भैंसा के पास पहुंचते ही बस में अचानक आग भड़क उठी और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की तत्परता से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, वहीं आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। बस बलौदाबाजार से रायपुर की ओर जा रही थी।

इस घटना ने एक बार फिर रायपुर–बलौदाबाजार मार्ग पर चल रही बस सेवाओं की जर्जर हकीकत को उजागर कर दिया है। इस मार्ग पर संचालित अधिकांश बसें पूरी तरह कंडम हालत में हैं, जो सड़क पर चलने लायक ही नहीं हैं। बावजूद इसके, इन्हें परिवहन विभाग द्वारा फिटनेस प्रमाण पत्र जारी कर धड़ल्ले से चलवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों और यात्रियों का आरोप है कि घोर कमीशनखोरी के चलते नियमों को ताक पर रखकर जानलेवा बसों को सड़कों पर उतारा जा रहा है। आम जनता की सुरक्षा से किसी को कोई सरोकार नहीं है। जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं होता, तब तक जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा रहता है।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

# अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शहर में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार के अध्यक्ष प्रवीण सेन के नेतृत्व में नगर के पार्षदों, वरिष्ठ नागरिकों एवं कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता से भेंट करने पहुंचे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नगर की कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की तथा पुलिस प्रशासन की सतर्कता एवं दूरदर्शी कार्यशैली की सराहना की।

प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रमुख मांग रखी कि नगर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ चौक-चौराहों एवं सभी वार्डों में रात्रि गश्त पेट्रोलिंग को बढ़ाया जाए, ताकि रात्रि के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे महिला सुरक्षा एवं नागरिक सुरक्षा में भी उल्लेखनीय सुधार संभव होगा। इसके साथ ही नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में ढाबों एवं अन्य स्थानों पर हो रही अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा गया।

पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के आपसी सहयोग से शहर की कानून-व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जिला बलौदाबाजार पुलिस की नई पहल समाधान की जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक हेल्पलाइन नंबर पर कॉल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से ▶▶ शेष पेज 08 पर

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

दिनांक: 10 फ़रवरी से 15 फ़रवरी
समय: मंगलवार से शनिवार (प्रात:10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक)
रविवार: प्रात:10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक



▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ स्पीच थेरेपी
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

| कचहरी चौक (रायपुर) | बैरन बाजार (रायपुर) | शंकर नगर (रायपुर) | अंबिकापुर |
|---|---|---|---|
| शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001) | विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001) | प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004) | मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001) |

| भिलाई | बिलासपुर | धमतरी | जगदलपुर |
|---|---|---|---|
| शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023) | शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001) | डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773) | विनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड,धरमपुरा, जगदलपुर 494001 |

| कोरबा | सारंगढ़ |
|---|---|
| मकान संख्या 52 ए, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के पास, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे निहारिका रोड, कोसाबाड़ी, कोरबा (495677) | डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445 ) |

Google Play App Store
Google Rating ★★★★★ PHILIPS Authorized dealer
For Appointment Call:
8319 603 298
9659 455 455
Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडु | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप

### आज मुख्यमंत्री निवास घेरेंगे आप कार्यकर्ता

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। प्रदेश के लाखों किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया, इसके बावजूद सरकार द्वारा 6 फरवरी को धान खरीदी बंद कर देना किसानों के साथ खुला अन्याय है। इसी के विरोध में आम आदमी पार्टी 10 फरवरी को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी।

### जिले में 18 तक वजन त्यौहार का आयोजन

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 09 फरवरी से 18 फरवरी तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सेक्टर-01, क्लस्टर विश्वकर्मा नगर शहरी परियोजना अंतर्गत वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बच्चों के वजन का अवलोकन किया गया तथा वजन एवं पोषण स्तर की जांच उपरांत अतिथियों द्वारा पालकों को पोषण रिपोर्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकगण एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

### आंगनबाड़ियों में मनाया गया वजन त्योहार

**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड क्र. 1 एवं 14 के आंगनबाड़ी केंद्र में संयुक्त रूप से वजन त्योहार मनाया गया। जिसमें नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड क्र. 1 पार्षद रिंकू चंद्राकर, भाजपा युवा नेता पलाश यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वजन त्योहार में 0 से लेकर 18 वर्ष के बच्चों का वजन व ऊंचाई आंगनबाड़ी केंद्र में ली गई। लगभग 20 बच्चों का वजन एवं ऊंचाई ली गई। बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि छग की विष्णुदेव साय सरकार कुपोषित बच्चों के स्वास्थ को लेकर जागरूक है। प्रदेश के बच्चे स्वस्थ हो, इस दृष्टि में काम कर रही है। सरकार आंगनबाड़ियों के माध्यम से अभियान चलाकर कुपोषण को भगाने में सरकार कामयाब हो रही है। महतारी वंदन के माध्यम से प्रति माह महिलाओं को एक हजार सरकार दे रही है कि मातृ शक्ति स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बने। वजन त्यौहार में आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ता मंजू ठाकुर, गायत्री निषाद, सहायिका दुर्गा ठाकुर तथा वार्ड के बच्चे, महिलाएं उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि को निकलेगी महाकाल की बारात

**महासमुंद।** सर्व महाकाल परिवार द्वारा 15 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन भव्य महाकाल बारात निकाली जाएगी। इस संबंध में तैयारियों को लेकर जय तंबोली की अध्यक्षता में सदस्यगण संदीप तंबोली, रौनक बाघमारे, राज साहू, मनोज, जतिन, अमित, विनीत, सिद्धार्थ की उपस्थिति में बैठक हुई। इस संबंध में जानकारी देते संदीप तंबोली ने बताया कि सर्व महाकाल परिवार द्वारा विगत 04 वर्षों से भव्य महाकाल बारात महाशिवरात्रि को निकाली जाती है। इस वर्ष महाकाल बारात भोलेनाथ मंदिर गंजपारा से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते वापस भोलेनाथ मंदिर में पहुंचेगी।

# कलशयात्रा से श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञोत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक वातावरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर के तत्वावधान में अग्रवाल सभा द्वारा 9 से 13 फरवरी तक श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यज्ञोत्सव का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण की विधिवत पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञाचार्य पं. धनंजय शर्मा एवं विद्वान आचार्यों के निर्देशन में वैदिक परंपराओं के अनुसार हवन संपन्न हो रहा है, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया है। यज्ञोत्सव के दौरान प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में आध्यात्मिक जागरूकता का संचार हो रहा है।

आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कृति, सद्भाव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पं. धनंजय शर्मा ने यज्ञ की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने की एक वैदिक प्रक्रिया है।



## भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

### यज्ञ से मानसिक शांति एवं पवित्रता की भावना विकसित होती

उन्होंने बताया कि यज्ञ में उपयोग होने वाली सामग्री जैसे घी, हवन समिधा, औषधीय जड़ी-बूटियां, कपूर, लौंग, इलायची एवं गुग्गुल आदि के दहन से उत्पन्न धुआं वातावरण की शुद्धि में सहायक माना जाता है। कई शोधों में औषधीय धुएं के जीवाणु नाशक गुणों का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि वैदिक मंत्रों के उच्चारण से उत्पन्न ध्वनि तरंगें वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं, जिससे मानसिक शांति एवं पवित्रता की भावना विकसित होती है। यज्ञ हमें पंचतत्व अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी और आकाश के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश देता है। यह आयोजन सामाजिक एकता, सहयोग और सद्भाव को भी बढ़ावा देता है। क्षेत्रवासियों ने इस यज्ञोत्सव की सराहना करते हुए इसे सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। यज्ञ के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण का संचार हो रहा।

## आयोजन : से 5 वर्ष के 28 बच्चों का वजन किया गया

# आंबा केंद्र तीन में मनाया गया वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक तीन में शनिवार को वजन त्योहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चार आंगनबाड़ी केंद्रों के शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के कुल 28 बच्चों का वजन माप कर उनके पोषण स्तर का आकलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की नियमित वजन जांच कर कुपोषण की पहचान एवं पोषण सुधार पर विशेष जोर दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा माताओं को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं बच्चों के समुचित विकास को लेकर आवश्यक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि वजन त्यौहार जैसे आयोजन बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि शून्य से पांच वर्ष की आयु बच्चों के जीवन की नींव होती है, ऐसे में समय पर स्वास्थ्य जांच और पोषण पर ध्यान देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी वर्मा, लक्ष्मी साहू, गीता वर्मा, ललिता वर्मा, सोना दिवाकर सहित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक तीन की कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं। साथ ही बाल विकास परियोजना से जुड़े पर्यवेक्षक का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। वजन त्यौहार के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों में जागरूकता देखने को मिली और कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया।



### नवापारा में जपं अध्यक्ष ने वजन त्योहार का शुभारंभ किया

**हथबंद।** सिमगा विकासखंड ग्राम पंचायत नवापारा में 9 फरवरी वजन त्यौहार का शुभारंभ सोमवार को नवापारा के आंगनबाड़ी केन्द्र -1, सेक्टर में अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने किया। कार्यक्रम में सरपंच डोमार मारकंडे, पंचगण उपस्थित थे। अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने बच्चों से आत्मीय परिचय लिया। बच्चों द्वारा मछली जल की रानी है जैसी बालगीत प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण और आनंददायक बना। अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल ने बच्चों को विभिन्न रंग दिखाकर रंगों की पहचान कराई तथा सब्जियों और फलों के चित्रों के माध्यम से उनके पोषण महत्व पर चर्चा की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दिए और गतिविधियों में भाग लेने वाले सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। अध्यक्ष ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में दर्ज बच्चों, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, कुपोषण की स्थिति और टीकाकरण संबंधी जानकारी ली। उन्होंने सही तरीके से वजन और ऊंचाई मापने पर विशेष निर्देश दिए। साथ ही एनआरसी और घर पर बच्चों की उचित देखभाल पर ध्यान देने की बात कही। केंद्र के उन्नयन के लिए सरपंच महोदय से भी चर्चा की गई। अध्यक्ष की उपस्थिति में दो बच्चों का वजन इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन से और ऊंचाई इन्फैंटोमीटर से मापी गई। अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल ने सभी हितग्राहियों को टीकाकरण, संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन और बच्चों की नियमित निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। वजन त्यौहार के इस शुभारंभ कार्यक्रम में 0 से 6 वर्ष के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्थानीय जनों की सक्रिय उपस्थिति रही। वजन त्यौहार का उद्देश्य बच्चों की पोषण स्थिति का वास्तविक आकलन कर उन्हें आवश्यक सेवाओं से जोड़ना और समुदाय में पोषण जागरूकता बढ़ाना है।



# आनंद मेला के माध्यम से बच्चों में आत्मनिर्भरता का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केन्द्र मोहरेंगा अंतर्गत नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंगा में बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने तथा भविष्य की प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनने की थीम पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर थे। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 22 विभिन्न प्रकार के पकवानों के स्टॉल लगाए। इनमें दूध फरा, पोहा, पकोड़ा, मोमोज, मैगी, भेल, चना चटपटी तथा टिकट खोलो, इनाम पाओ जैसे आकर्षक स्टॉल शामिल थे। मेले में उपस्थित ग्रामीणों, माताओं, शिक्षकों एवं बच्चों ने इन स्टॉलों का आनंद लिया और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, व्यवहारिक ज्ञान तथा स्वरोजगार के प्रति रुचि विकसित करना था। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के राजेंद्र वर्मा एवं जीवन कुर्रे द्वारा किया गया।

# 24 घंटे में 3 जगह धरपकड़ में 132 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के 3 अलग-अलग थानों में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस और नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने 24 घंटे के भीतर भारी मात्रा में गांजा और तस्करी में इस्तेमाल किए जाने वाले वाहनों को जब्त किया है। आपरेशन निश्चत के तहत पूरी कार्रवाई में पुलिस ने अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्त में लिया है।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने प्रेसवार्ता में बताया है कि सिंघोड़ा, कोमाखान और बागबाहरा थाना क्षेत्रों में ये गिरफ्तारियां हुई हैं। पुलिस ने कुल 132.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी बाजार में कीमत लगभग 66 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है। साथ ही तस्करी में उपयोग की जा रही 6 कारों को भी जब्त किया गया है, जिनकी कीमत करीब 55 लाख रुपए है। पहली कार्रवाई सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में हुई। नेशनल हाईवे 53 पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट डिजायर और एक टाटा इंडिगो कार को रोका। तलाशी लेने पर वाहनों से 52.5 किलो गांजा बरामद हुआ। इस मामले में जबलपुर (मध्यप्रदेश) निवासी अमित राय, राजकुमार केंवट और प्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से नगदी और मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। दूसरी बड़ी कार्रवाई कोमाखान पुलिस और टास्क फोर्स ने की हैं यहां पुलिस ने न केवल गांजा परिवहन करने वालों को पकड़ा, बल्कि 6 घंटे के भीतर खरीददार और बैकअप देने वाले पूरे गिरोह को दबोच लिया। पुलिस ने एक बोलेरो और दो स्विफ्ट कारों को जब्त किया है। इस मामले में ओडिशा निवासी गजेंद्र कुमार और बबलू मांडी के साथ-साथ नागपुर (महाराष्ट्र) के चार अन्य आरोपियों अक्षय वाघाडे, आयुष राहंगडाले, राकेश लांजीतार और मुख्य खरीददार अक्षय उर्फ माइकल रंगारी को गिरफ्तार किया गया है।

# 'समाज निर्माण से पहले स्वयं का चरित्र निर्माण जरूरी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान शिव अपने परिवार को एक करके रखे है, वैसे ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार के प्रति समर्पण का भाव रखते हुए एक सूत्र में बांधना चाहिए। समाज निर्माण से पहले स्वयं का चरित्र निर्माण जरूरी है। भगवान शिव का वाहन नंदी है तो मां दुर्गा पार्वती का वाहन शेर, दोनों एक दूसरे के विरोधाभास है। मयूर और सर्प, सर्प और चूहा दोनों विरोधाभास होते हुए भी भगवान शिव के प्रति आस्था और समर्पण है, इसलिए सभी एक साथ रह रहे है। ऐसा ही व्यवहार और प्रेम भाव परिवार में करना चाहिए। उक्त बातें पत्रकारों से सनातन और अध्यात्म पर चर्चा करते हुए श्री राधे निकुंजधाम जंजगिरी चरौदा भिलाई 3 के नारायण दास महाराज ने कही।



वे यहां कबीर बाड़ा में चल रहे श्री शिवपुराण कथा का बखान करने पहुंचे हुए है। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से सनातन की सेवा में लगा हूं। उनके निकुंज धाम में अनेक सेवा के प्रकल्प चल रहे है। पिछले 5 वर्षो से निर्धन बहन, बेटियों का विवाह तथा रोहणी गौ धाम में सैकड़ों गायों की सेवा हो रही है। उनका उद्देश्य सनातन का जागरण करना, सामाजिक समरसता, एकता, संभाव को लेकर समाज आगे बढ़े यही एक मात्र उद्देश्य है। महाराज ने कहा कि धर्म के प्रति निष्ठा होनी चाहिए। आहार, विचार और व्यवहार की शुद्धता बहुत की जरूरी है। परिवारिक समरसता पर महाराज ने कहा कि हम परिवार को छोड़कर समाज की समरसता पर ध्यान नहीं दे सकते, समाज को आगे बढ़ाना है तो परिवार में भी समन्वय जरूरी है। अपने बड़े बुजुर्गों के प्रति स मान और आदर का भाव सदैव रखना चाहिए। अनुभव के आधार पर यदि हम से बड़े कुछ कह दे तो उसे बुरा मामने के बजाए समझाइश के भाव से लेना चाहिए। पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए नारायण दास महाराज ने कहा कि बच्चों में संस्कार के लिए धर्म ग्रंथों का अध्ययन जरूरी है।

# कालेज की मांग, एनएसयूआई ने 16 किमी पदयात्रा निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत सरसींवां में शासकीय कॉलेज की वर्षों पुरानी मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। एनएसयूआई के तत्वावधान में सरसींवां से सारंगढ़ तक करीब 16 किलोमीटर लंबी छात्र अधिकार पदयात्रा निकाली गई। बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकाली, जहां बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा अब सिर्फ आश्वासन नहीं, सरसीवां को कॉलेज चाहिए। दरअसल, सरसीवां नगर में शासकीय कॉलेज की मांग लंबे समय से लंबित कालेज को पूर्व कांग्रेस सरकार के दौरान कॉलेज खोलने की घोषणा हुई थी और शासकीय भूमि का चिन्हांकन के बावजूद आज तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसी बीच धोबनी ग्राम में कॉलेज खुलने की जानकारी सामने आने के बाद सरसीवां अंचल के लोगों में नाराजगी और बढ़ गई। सर्वदलीय ज्ञापन और धरना-प्रदर्शन के बाद भी जब मांग पूरी नहीं हुई, तो एनएसयूआई ने आंदोलन तेज करते हुए सरसीवां से सारंगढ़ तक 16 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली। पदयात्रा जैसे ही सारंगढ़ के गढ़ चौक पहुंची, पुलिस प्रशासन ने रास्ते में ही आंदोलनकारियों को रोक दिया। जहां बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे सहित एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। वहीं आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा।

## पेज 7 के शेष

### आज से खिलाई ...

बनाई गई है। दो वर्ष से कम, गर्भवती महिला एवं गंभीर बीमारी से पीड़ति को दवाई का सेवन नहीं करना है। 1 से 2 वर्ष के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल की आधी गोली का सेवन कराना है। फाइलेरिया अथवा हाथीपांव संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से शरीर मे कृमि के प्रवेश से होता है बीमारी लंबे समय के बाद अपना लक्षण प्रकट करना शुरू करती है। हाथीपांव होने की स्थिति में उसका उपचार सम्भव नहीं है जिस कारण बचाव हेतु पूर्व से ही दवाई का सेवन कर लिया जाना चाहिए। फाइलेरिया का एक प्रकार अंडकोष की सूजन भी है जिसे हाइड्रोसील भी कहा जाता है इसे सर्जरी से ठीक किया जा सकता है। वार्षिक फाइलेरिया रिपोर्ट 2025 अनुसार जिले में 154 हाथीपांव और 50 हाइड्रोसील के मरीज है।

### युवा अपनी क्षमता...

की योजना बनानी चाहिए। युवा केवल डिग्री की गिनती के लिये पढ़ाई न करें बल्कि पढ़ाई जीवन की योजना से जुड़ी हो, कहां पर किस तरह से आगे बढ़ना है यह सोचें। आलोचनाओं को मन से निकाल दें। उन्होंने कहा कि खराब परिस्थिति में भी उम्मीद रखनने वाला हर विपरीत परिस्थिति को जीतता है। हमारा देश व गांव आज की परिस्थिति में ज्यादा अच्छा है जिससे युवा दृढ विश्वास के साथ भविष्य निर्माण कर सकते हैं। आज का भारत संभावनाओं से भरा हुआ है, शिक्षा से विकसित भारत बनने की संभावना है। आज केवल सरकारी नौकरी ही अच्छा जीवन और समाज सेवा का साधन नहीं है, बल्कि खेल और निजी क्षेत्रों में भी अनंत संभावनाएं है। भारत दुनिया की फास्टेस्ट ग्रोइंग देश है, जो 2047 तक 30-40 ट्रीलियन डालर अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। हमारा देश विकासशील से विकसित भारत की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन को पूरा करना है। इस बार के केंद्रीय बजट में रेयर अर्थ, एआई, रेलवे, आयुष, शिक्षा, स्वास्थ्य पर फोकस सहित सभी क्षेत्रों में एक संतुलित बजट है। इस दौरान उन्होंने युवाओं के जिज्ञासाओं को भी शांत किया। वित्त मंत्री ने हम होंगे कामयाब के तहत युवाओं का कौशल विकास एवं रोजगार नियोजन की सराहना करते हुए एक अच्छी पहल बतायी।

### अवैध शराब बिक्री...

अपनी शिकायत या सूचना पुलिस तक पहुंचा सकते हैं, जिसमें पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित की जाती है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका बलौदाबाजार शेख सलमान, सुभाष राव, सुरेश घृतलहरे, रविन्द्र नामदेव, चित्रेश्वर साहू, यशवंत वर्मा सहित अनेक पार्षद एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## मौजूदा नियमों के बावजूद संस्कृत की हो रही अनदेखी

# संस्कृत शिक्षा अनिवार्य कराने संघ ने विस अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू के नेतृत्व में संस्कृत शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमण सिंह वित्त मंत्री ओपी चौधरी विधायक अजय चंद्राकर को ज्ञापन सौंपा। संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश संचालक डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि संस्कार संस्कृति और सनातन धर्म के लिए संस्कृत की शिक्षा बेहद जरूरी है प्रदेश में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लागू होने से संस्कृत शिक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। नियमानुसार हिंदी अंग्रेजी संस्कृत तीनों में से एक विषय के स्थान पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम लेना है, किन्तु पूरे प्रदेश में संस्कृत विरोधी लहर के चलते तथा उच्च अधिकारियों के मौखिक आदेश के चलते संस्कृत के स्थान पर ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम ले रहे हैं, जिससे संस्कार परक भाषा संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन में खतरा मंडराने लगा है।




श्री वैष्णव ने कहा कि हम व्यावसायिक पाठ्यक्रम का स्वागत करते हैं, किन्तु इसे हरियाणा राज्य के तर्ज पर सातवें विषय के रूप में रखे जाने से संस्कृत हिंदी अंग्रेजी तीनों भाषा सुरक्षित हो जाते हैं। अतः प्रदेश के संस्कृत शिक्षकों ने संस्कृत शिक्षक संघ के माध्यम से लगातार शासन प्रशासन को संस्कृत भाषा को सुरक्षित रखने और व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सातवें विषय के रूप में रखने के लिए ज्ञापन सौंपा जा रहा है। संस्कृत विद्वानों के विराट सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व संस्कृत बोर्ड अध्यक्ष महंत डॉ. रामसुंदर दास महाराज ने संस्कृत को अनिवार्य कराने का आश्वासन दिया था। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को भी ज्ञापन सौंपा गया था, उनके द्वारा एससीईआरटी को संस्कृत को अनिवार्य कराने संबंधी निर्देश दिया गया था, किन्तु आज पर्यन्त आदेश अप्राप्त है। पुनः स्मरण दिलाने संस्कृत शिक्षक संघ द्वारा विधायकों मंत्रियों सांसदों को ज्ञापन दिया जा रहा है। सकारात्मक आश्वासन मिलने से संगठन आश्वस्त हैं। संस्कृत शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दौलत राम साहू प्रदेश संचालक राजनारायण द्विवेदी, डॉ. नारायण साहू, डॉ. कोमल वैष्णव, मनोज वर्मा, महेश्वर द्विवेदी, शिवेन्द्र चंद्रवंशी, पूरन लाल साहू, तारूण साहू, नोयन बुडेक, शारदा साहू, ईश्वरी यदु, बृजेश शर्मा, डॉ. लुनेश वर्मा, शिरिष श्रीवास्तव सहित संगठन के सभी सदस्यों ने शीघ्र संस्कृत को अनिवार्य कराने आदेश जारी करने की मांग की।

## खबर संक्षेप

### श्री शिव परिवार स्थापना महोत्सव 14–15 को

**खरोरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित शिव मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर के पास 14 एवं 15 फरवरी को श्री शिव परिवार स्थापना महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन समस्त वार्डवासी वार्ड 8 खरोरा द्वारा किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिवस



14 फरवरी शनिवार को प्रातः 10 बजे मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे देव आवाहन एवं जलाधिवास तथा दोपहर 1 बजे अन्नाधिवास की धार्मिक विधियां संपन्न होंगी। संध्या 5 बजे हवन एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन 15 फरवरी रविवार को प्रातः 10 बजे सर्व देव पूजन किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 11 बजे नगर भ्रमण निकाला जाएगा, दोपहर 12 बजे शिव परिवार की स्थापना, महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### माता जानकी जयंती पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता जानकी जयंती पर पूजा अर्चना की गई। संतोष महाराज ने बताया कि इस साल 9 फरवरी को माता जानकी जयंती मनाई गई। यह पर्व माता सीता के जन्मोत्सव के रूप से मनाया जाता है। माता सीता, भगवान राम की अर्धांगिनी और राजा जनक की पुत्री थीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता सीता का जन्म फाल्गुन कृष्ण अष्टमी तिथि को हुआ था। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर माता सीता की पूजा अर्चना करते हैं।

### भौतिक शास्त्र प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी से

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष भौतिक शास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा 13 फरवरी 2026 को होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 02 बजे तक बीएससी तृतीय वर्ष और दोपहर 12 बजे से 04 बजे तक बीएससी द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा होगी।

### तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ की बैठक आज

**महासमुंद।** तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ द्वारा समस्त राजस्व ग्राम पटेलों की समस्याओं एवं कर्तव्यों, अधिकारों की जानकारी देने एवं मांग आदि के संबंध में विशेष चर्चा के लिए महासमुंद तहसील के राजस्व ग्राम पटेलों की बैठक 10 फरवरी मंगलवार को दोपहर 12 बजे तहसील कार्यालय महासमुंद में आहूत की गई है।

# मोहरा में वजन त्योहार का शुभारंभ, बच्चों के स्वास्थ्य पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

रावन सेक्टर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र मोहरा में सोमवार को वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत मोहरा की सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बच्चे तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक तथा पर्यवेक्षक चित्रलेखा सिरमौर विशेष रूप से मौजूद रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रिका वर्मा,

## सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ



### आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण की रीढ़

साथ ही गर्भवती महिलाओं को आयरन, कैल्शियम की गोलियां समय पर लेने एवं नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना समाज और देश दोनों के लिए आवश्यक है। यदि बचपन से ही सही पोषण मिले तो भविष्य में अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य और पोषण की रीढ़ हैं, जिनके माध्यम से शासन की योजनाएं सीधे जनता तक पहुंच रही हैं। जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक ने कहा कि वजन त्यौहार जैसे कार्यक्रम कुपोषण को जड़ से समाप्त करने की दिशा में एक सशक्त पहल हैं। पर्यवेक्षक चित्रलेखा सिरमौर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य का समय-समय पर मूल्यांकन हो सके। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पौष्टिक आहार वितरित किया गया और महिलाओं को स्वच्छता, संतुलित भोजन एवं टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी गई।

कौशल्या पुरेना, मीना वर्मा एवं सहायिकाएं लक्ष्मी वर्मा, जागृति वर्मा, वृंदा वर्मा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। इनके सहयोग से बच्चों का वजन लिया गया और पोषण चार्ट के माध्यम से उनकी स्थिति का आकलन किया गया। वजन त्यौहार के दौरान केंद्र में पंजीकृत सभी बच्चों का नियमित रूप से वजन किया गया। जिन बच्चों का वजन सामान्य से कम पाया गया, उनके पालकों को संतुलित आहार, हरी सब्जियां, फल, दाल, दूध तथा अंडे जैसे पौष्टिक भोजन देने की सलाह दी गई। इस प्रकार मोहरा आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ ।

## प्रवचन : महिलाओं एवं युवतियों की सहभागिता से भक्तिमय बना गांव का माहौल

# भागवत कथा के प्रारंभ पर निकाली कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत सेल में भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। सोमवार से धर्म कर्म माहौल भक्तिमय हो गया। गांव के बंधवा तालाब से जल भरकर कथा स्थल तक पहुंचाया गया। कलश यात्रा में महिलाओं एवं युवतियों ने कलश यात्रा में शामिल हुए थे। शाम 4 बजे शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा, 9 से 17 फरवरी तक भागवत कथा होगी। इसमें कथा वाचक आचार्य कीर्ति कुमार पांडेय है। 10 फरवरी को परीक्षित जन्मोत्सव से शुकदेव आगमन तक, 11 को कपिलोख्यान एवं माता सती की कथा, 12 को ध्रुव चरित्र भरत चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र, 13 गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 14 को पुतना मोक्ष बाललीला से गोवर्धन पूजा तक, 15 को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाहोत्सव, 16 को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं कथा विश्राम, 17 को तुलसी वर्षा गीता पाठ हवन सहस्त्र धारा एवं देव विसर्जन किया जाएगा। आयोजक समिति राधे राधे नव युवक एकता समिति सूतिया पारा एवं समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हैं। इस अवसर पर यजमान महेश्वर प्रसाद साहू सुषमा साहू, गोविंद साहू, पार्वती साहू, राधे राधे नवयुवक एकता समिति सूतियापारा मोहल्ले का शिवलिंग मंदिर के पास स्थित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा समिति के अध्यक्ष महेश्वर प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष गोविंद साहू, कोषाध्यक्ष बंटी शर्मा, उप कोषाध्यक्ष थलेश्वर जायसवाल, सहकोषाध्यक्ष राजू जायसवाल, सचिव संजय जायसवाल, सहसचिव हेमलाल जायसवाल, संरक्षक घनश्याम वैष्णव, संरक्षक उमेश्वर साहू, प्रदीप कुमार जायसवाल, कलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी शामिल हुए।



### सात दिवसीय शिव महापुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड

**हथबंद।** ग्राम हथबंद चौक पर गौरी–गौरा समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिव



महापुराण कथा से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया है। इस आयोजन के कथावाचक आचार्य चंद्र गोस्वामी हैं, जिनके ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। शिव महापुराण कथा के तीसरे दिवस भगवान शिव की महिमा, वैराग्य, भक्ति और मानव जीवन में धर्म के महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। कथा स्थल पर हर-हर महादेव और ॐ नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की विशेष सहभागिता देखने को मिल रही है। आयोजन को सफल बनाने में गौरी–गौरा समिति के सक्रिय सदस्यों नोना यादव, धन्ना निषाद, जीतू यादव, बिट्टू निषाद, कुलेश्वरी निषाद, कोमल निषाद, मोनू समुद्र सहित अन्य ग्रामवासियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, शांति एवं व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। शिव महापुराण कथा आगामी दिनों तक निरंतर जारी रहेगी, जिसमें प्रतिदिन भक्तों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

### छेरकाडीह में सात दिवसीय नामायन ग्रंथ प्रारंभ

पलारी। समीप के ग्राम छेरकाडीह में गुरु घासीदास बाबा की महिमा को जन-जन पहुंचाने सात दिवसीय नामायन ग्रंथ समारोह का आयोजन 9 से 15 फरवरी तक किया गया है, जिसका शुभारंभ संत जितेंद्र बांधे द्वारा ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। नामायन समारोह में दूर दराज की मंडलियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें प्रथम आने वाले मंडली को 5001, द्वितीय 3001 व तृतीय 2101 सतनामी समाज द्वारा प्रदान किया जाएगा। साथ सभी मंडलियों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। ग्राम के सतनामी समाज द्वारा नामायन समारोह में बाबा गुरु घासीदास के अमृत वचन को आत्मसात कर जीवन को धन्य बनाने की अपील की गई है।

## रोजगार योजना से रामनाथ के सपनों को मिली उड़ान



**हिरमी रावन।** प्रदेश सरकार और केंद्र की योजनाओं के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं। इसी कड़ी में, जिले के ग्राम कुथरौद के निवासी रामनाथ कोसे को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। स्वरोजगार की नई राह जिला पंचायत के उद्योग एवं सहकारिता विभाग के सभापति डॉ. मोहन लाल वर्मा के विशेष मार्गदर्शन में रामनाथ कोसे को इस योजना के माध्यम से एक फ़ोर्स वाहन उपलब्ध कराया गया है। अब रामनाथ इस वाहन का उपयोग व्यावसायिक रूप से कर अपनी जीविका चलाने में सक्षम होंगे। योजना और सहयोग की मुख्य बातें इस उपलब्धि पर डॉ. वर्मा ने योजना की बारीकियों और बैंक की भूमिका पर प्रकाश डाला, 35% सब्सिडी का लाभ, डॉ. वर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम शुरू करने पर शासन द्वारा 35 प्रतिशत की भारी सब्सिडी प्रदान की जाती है, जो युवाओं के लिए एक बड़ा संबल है। बैंक की त्वरित भूमिकाः उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक, हिरमी शाखा के प्रबंधक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बैंक के त्वरित सहयोग और आसान फाइनेंस प्रक्रिया के कारण ही हितग्राही को समय पर वाहन मिल सका। हितग्राही रामनाथ को बधाई देते हुए डॉ. मोहन लाल वर्मा ने जिले के अन्य शिक्षित और उत्साही युवाओं का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की है कि युवा केवल नौकरियों के पीछे न भागें, बल्कि शासन की इन जनहितैषी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का व्यवसाय स्थापित करें और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में भागीदार बनें।

## प्रधानपाठक संघ ने पीड़ित परिवार को सहयोग राशि प्रदान की



**बिलाईगढ़।** विकासखंड में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक संघ द्वारा संगठन के किसी भी व्यक्ति के निधन के पश्चात उनके परिवार को संगठन की ओर से 21000 रुपए की आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। इस कड़ी में प्राथमिक शाला दर्रा ब्लाक बिलाईगढ़ में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ स्व. बुद्धेश्वर प्रसाद साहू के निधन के पश्चात उनकी पत्नी गायत्री साहू को सहयोग राशि प्रदान की गई। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष यादराम हिरवानी, सचिव पूरंदर सिंह दीक्षित, उपाध्यक्ष बैसाखू राम साहू और देवचरण जायसवाल शामिल थे साथ में शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू भी उपस्थित थे। संघ ने लोगों को आश्वस्त किए कि आने वाले समय में उक्त राशि को बढ़ाया जाएगा तथा इसी तरह की सहयोगी साथियों की संख्या भी बढ़ाया जाएगा।

## किसान की खेत में लहलाती सरसों की फसल ...



पलारी। ब्लॉक के घिरघोल गांव में किसानों के खेत में सरसों का फसल लहलाते मनमोहक दृश्य| ।

## कोसमंदी में हुआ मातृ सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमंदी में गत दिनों मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष ने की। इस दौरान प्राचार्य यूके नागवंशी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक ओसराम साहू, कन्या प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका सीमा वर्मा, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष वर्षा सोनवानी, उपाध्यक्ष कीर्ति साहू, संकुल समन्वयक छन्नू लाल वर्मा, शिक्षिका तृप्ति वर्मा, सविता, कौशल्या कनौजे, तोमिन साहू, शकुन यादव, दिलेश्वरी साहू, तोमेश्वरी साहू उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन हेमलता कनौजे ने किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा माताएं बच्चों की परवरिश करती है, माता ही पहली गुरु है जो अपने बच्चों को घर से ही व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान दे सकती है।

### माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया

पूर्व माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका आभा धृतलहरे ने सरकार के द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं एवं लाभों की विस्तृत जानकारी को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को रुचिपूर्ण बनाने के लिए माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी मातृशक्ति ने बढ़ चलकर भाग लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम पूजा साहू, द्वितीय लता वर्मा, तृतीय शांति साहू रही। सुई धागा दौड़ में प्रथम सुनीता फेकर, द्वितीय कांति जांगड़े, तृतीय अनीता वर्मा रही। नींबू चम्मच दौड़ में प्रथम ममता वर्मा, द्वितीय कीर्ति साहू, तृतीय पूनम साहू रही, फुगड़ी में प्रथम सुनीता फेकर, द्वितीय कीर्ति साहू, तृतीय अनीता वर्मा रही। जलती हुई मोमबत्ती दौड़ में प्रथम शांति साहू, द्वितीय लता वर्मा, तृतीय गायत्री रजक, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अनीता वर्मा प्रथम रही, खेल के साथ-साथ माता द्वारा गीत भी गया गया जिसमें शांति साहू ने भजन गाया, वेदिका वर्मा कक्षा सातवीं की बालिका ने कविता पाठन किया। अतिथियों द्वारा मातृ शक्तियों को पुरस्कार वितरण किया गया ।

## छुईहा स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला छुईहा रानीगढ़ में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव सहित आसपास के क्षेत्र के नागरिकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच धनीराम बंजारे रहे। अध्यक्षता प्रधान पाठक अरुण कुमार टण्डन ने की।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं मां शारदे की वंदना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को मंच पर जीवंत करते हुए कर्मा, सुआ, राऊत नाचा, ददरिया एवं पंथी नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। बच्चों प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिस पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया और बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किए। कार्यक्रम में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। इस अवसर पर त्रिलोक हरिप्रिय, महेंद्र कुमार मरावी, राकेश जाटवर, संतोष कुमार साहू, राजकुमार जांगड़े सभी अपने परिवार सहित गांव के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए दवा प्रशासकों और सुपरवाइजरों का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



तरेंगा स्थित समरसता भवन में फाइलेरिया रोग के समुचित उन्मूलन के लिए एमडीए दवा प्रशासकों और सुपरवाइजरों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।ॉ

इस महत्वपूर्ण सत्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा उपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया गया कि फाइलेरिया की दवा किसी को हाथ में नहीं देनी है, बल्कि अपनी उपस्थिति में ही भोजन के पश्चात खिलाना सुनिश्चित करना है।

डॉ. राजेश अवस्थी ने दवा वितरण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए हर पात्र व्यक्ति तक दवा की पहुंच अनिवार्य है।

सुपरवाइजरों को डेटा प्रबंधन और फील्ड मॉनिटरिंग के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे केवल सामुदायिक सहभागिता और स्वास्थ्य कर्मियों की सजगता से ही मिटाया जा सकता है। हमारा लक्ष्य है कि क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे।

## छात्र आत्महत्या मामले में स्कूल प्रबंधन ने आरोपों को नकारा

**महासमुंद।** ब्लेलॉक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र भावेश यादव की आत्महत्या के मामले में स्कूल प्रबंधन की ओर से विद्यालय की प्राचार्य कुमुद ठाकुर ने ने अपना पक्ष रखते हुए परिजनों द्वारा लगाए गए कथित मारपीट और प्रताड़ना के आरोपों को पूरी तरह गलत और निराधार बताया है। प्राचार्य कुमुद ठाकुर ने स्पष्ट किया कि भावेश की आत्महत्या का स्कूल में हुई किसी भी गतिविधि से कोई संबंध नहीं है। प्राचार्य ने कहा कि स्कूल में भावेश के साथ कोई शारीरिक मारपीट या अपमानजनक व्यवहार नहीं किया गया। प्राचार्य के मुताबिक, भावेश अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मानसिक रूप से परेशान था। इस संबंध में उन्होंने भावेश की मां से भी चर्चा की थी। घटना वाले दिन भावेश स्कूल आया था और सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों में सामान्य रूप से शामिल हुआ था।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
06 फरवरी 2026 SHOW TIME
बॉडर - 2
शो समय -03:00, 06:00, 09:00 PM
सरकारी दमाद (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
मंगलसूत्र (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
गोदान
शो समय - 03:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# 3.50 करोड़ के विकास कार्यों से भाटापारा को मिलेगी नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के सर्वांगीण एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में नगर पालिका परिषद अंतर्गत लगभग 3.50 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को एक साथ स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ भाटापारा को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त नगर के रूप में विकसित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।3.50 करोड़ की इस स्वीकृत राशि से नगर के प्रमुख चौक-चौराहों का उन्नयन किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु एवं सुरक्षित होगी।

## नगर के समग्र, सतत एवं सुव्यवस्थित विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

### आधुनिक चौपाटी का निर्माण किया जाएगा

इन विकास कार्यों के अतिरिक्त, नगर के समग्र आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय विकास को दृष्टिगत रखते हुए कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी प्रस्तावित किए गए हैं, जिनमें पलटन होटल व्यावसायिक परिसर का निर्माण शामिल है, जिससे स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मॉल क्षेत्र के समीप आधुनिक चौपाटी का निर्माण किया जाएगा, जिससे नगरवासियों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। साथ ही नगर के तालाबों का सौंदर्यकरण किया जाएगा, जिससे जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन एवं पर्यटन की संभावनाओं को भी बल मिलेगा।



### जनप्रतिनिधियों के प्रति नगर पालिका अध्यक्ष ने व्यक्त किया आभार

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इन विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व, सुदृढ़ प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं जनकल्याणकारी सोच के परिणामस्वरूप भाटापारा नगर को निरंतर विकास की नई दिशा और गति प्राप्त हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी स्वीकृत विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता, पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा।

अंडर ब्रिज का बीटी कार्य संपादित किया जाएगा, जिससे आवागमन और अधिक सहज बनेगा। नगर पालिका परिसर का समग्र विकास किया जाएगा, जिससे नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएँ प्राप्त होंगी। साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों की लंबे समय से लंबित आवश्यक मांगों की पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इन कार्यों के माध्यम से नगर के प्रत्येक वार्ड में संतुलित एवं समान विकास का लक्ष्य रखा गया है।इन सभी विकास कार्यों के पूर्ण होने से नगरवासियों को बेहतर यातायात सुविधा, स्वच्छ एवं सुंदर सार्वजनिक स्थल, आधुनिक व्यावसायिक सुविधाएं तथा सुगम नागरिक सेवाएं प्राप्त होगी, जिससे नगर के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

## खबर संक्षेप

### राहुल बने भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य

**बलौदाबाजार।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव साय की सहमति से भाजपा सोशल मीडिया छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यसमिति घोषणा की गई। यह आदेश प्रदेश कार्यालय से जारी किया गया। घोषित सूची के अनुसार राहुल



सोनी को प्रदेश सोशल मीडिया कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्त तत्काल प्रभाव से लागू होगी। राहुल सोनी भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता है। इस सक्रियता को देखते हुए पार्टी संगठन द्वारा सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी संगठन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यसमिति का गठन किया गया है। उल्लेखनीय यह है की यह आदेश प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी द्वारा जारी किया गया है।

### मत्स्य पालन पर 12 को रावन में एक दिवसीय प्रशिक्षण

**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक रावन सीएसआर छत्तीसगढ़ शासन के मत्स्य विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में मछली पालन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 12 फरवरी को दोपहर 2 बजे से सीएसआर सेंटर में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मछली पालन से जुड़े किसानों, मछुवारों एवं इच्छुक हितग्राहियों को उपयोगी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मछली पालन पर शासन की सब्सिडी योजना, मछुआरा समिति के गठन की प्रक्रिया तथा मछुवारों के लिए संचालित 10 एवं 3 दिवसीय शिक्षणप्रशिक्षण कार्यक्रम पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों को उपलब्ध अनुदान, झींगा पालन प्रसार तथा मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज स्पान संवर्धन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी जाएगी।इसके अतिरिक्त नाव, जाल एवं जाल क्रम सुविधा, फिंगरलिंग संचयन में सहायता, फुटकर विक्रय हेतु उपलब्ध सहायता योजनाएं तथा बिलासा देवी केंवटीन मत्स्य विकास पुरस्कार से संबंधित जानकारी भी प्रशिक्षण में सम्मिलित रहेगी। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को मछली पालन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों एवं सरकारी सहायता योजनाओं का लाभ उठाने में सहायक होगा।





## आयोजन : कार्यक्रम में प्रतिभाओं का किया सम्मान

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने बसंत उत्सव पर निकाली भव्य कलशयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, नगर इकाई द्वारा नगर प्रमुख हेमंत टिकरिहा के संयोजन में बसंत उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप रहे, जबकि अध्यक्षता राज प्रधान सुनीता वर्मा ने की। आयोजन में समाज की मातृशक्ति, कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

बसंत उत्सव का शुभारंभ हनुमान मंदिर बजरंग चौक से निकाली गई कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा सदर बाजार, गांधी चौक, रामेश्वरम धाम एवं रामसागर तालाब होते हुए कुर्मी मंगल भवन पहुंची। इस दौरान क्षत्रपति शिवाजी महाराज एवं समाज गंगा के जयघोष, शंखनाद, मांदर की थाप और जसगीतों के साथ वातावरण भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना रहा। कुर्मी मंगल भवन पहुंचकर श्रीगणेश, मां सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, क्षत्रपति शिवाजी महाराज सहित सरदार वल्लभभाई पटेल, स्वामी आत्मानंद एवं खूबचंद बघेल के तैलचित्रों पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना की गई।





कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं समाज के वरिष्ठजनों को उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं समाज के प्रति योगदान के लिए सम्मान पत्र व शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत उत्सव ज्ञान, संस्कृति और नवचेतना का प्रतीक है। प्रतिभाओं का सम्मान युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, जबकि वरिष्ठजनों का सम्मान सामाजिक एकता, संस्कार और मूल्यों को सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम का समापन उत्साह और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

# प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक राजधानी में हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों की बैठक न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर में हुई। बैठक में सतनाम धर्मशाला मड़वा में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम साहित्य संगोष्ठी कवि सम्मेलन सहित निःशुल्क भोजन भण्डारा के आयोजन करने। रायपुर में एक करोड़ के लागत से बहुद्देशीय सतनाम धर्मशाला के निर्माण कराने। प्रदेश भर में सामाजिक समन्वय बनाकर संगठन विस्तार करने का निर्णय।

50 लाख में होगा मड़वा धर्मशाला का कायाकल्प और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को विभिन्न जिलों का प्रभार का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले, उपाध्यक्ष दिनेश लाल जांगड़े, महिला उपाध्यक्ष सुशीला सोनवानी, साहित्य समिति के अध्यक्ष पूर्व महासचिव एसआर बांधे, महासचिव मोहन बंजारे, कोषाध्यक्ष श्यामजी टांडे, सहसचिव दिनेश बंजारे, प्रदेश प्रवक्ता राजमंहत प्यारेलाल कोसरिया, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजलि बरमाल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृगी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एस आर बंजारे, गुलाब दास टंडन, डमरू मनहर, निशा ओग्रे द्रौपदी जोशी आदि शामिल हुए।



# श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा के नए पदाधिकारियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा, भाटापारा की सामान्य सभा कुंदन भवन में आयोजित की गई। सभा में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवा सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस सभा का प्रमुख एजेंडा समाज के नए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चयन करना था। सर्वसम्मति एवं निर्विरोध रूप से शरद भृगु को अगले दो वर्षों की कार्यावधि हेतु महासभा का नया अध्यक्ष चुना गया। साथ ही नेम तिवारी को महासभा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के सभी सम्मानित सदस्यों ने पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई दी। समाज के वरिष्ठ डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, द्वारिका पाण्डेय, रमेश तिवारी, राजकुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा , राकेश उपाध्याय, ओमप्रकाश पाण्डेय, अनिल भृगु, बसंत भृगु, देवेन्द्र भृगु, नेम तिवारी, सत्यनारायण शर्मा, छगन शर्मा, घनश्याम शर्मा, प्रकाश ओझा, मधुसूदन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, मुरली ओझा, जितेंद्र शर्मा, राजेश भृगु, उमाकांत शर्मा, आतिश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, विजय पाण्डेय, अनुराग शर्मा,लच्छू शर्मा, घनश्याम वैष्णव, श्रीहरि पाण्डेय, मोहन पाण्डेय, राजेन्द्र ओझा, मुरली ओझा, राजू तिवारी,पुरुषोत्तम शर्मा एवं सभी सम्मानीय सदस्य उपस्थित थे।

महासभा के सभी सदस्यों ने नए पदाधिकारियों से समाज की प्रगति, एकता और कल्याण के लिए निरंतर प्रयास करने की अपेक्षा व्यक्त की है। अध्यक्ष भृगु ने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य समाज के सभी वर्गों - वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं और बच्चों - को एक सूत्र में पिरोकर एक सशक्त एवं समृद्ध समुदाय का निर्माण करना है। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सहयोग और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को अपनी योजनाओं के मुख्य स्तंभ बताया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# शिवरतन शर्मा ने लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा के ग्राम मल्दी में लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन कर शिवरतन शर्मा ने किया। उन्होंने ग्राम मल्दी में बने सामुदायिक भवन एवं अटल सीएससी केंद्र भवन का लोकार्पण एवं गौठान, कांक्रीटीकारण का भूमिपूजन किया। शर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्र में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि किसान, युवा, मजदूर और महिला वर्ग सहित समाज के हर वर्ग को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार का उद्देश्य गरीबों और वंचितों को उनका अधिकार दिलाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब हर गरीब परिवार को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में महिलाओं और गरीबों के लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहायता योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, सरपंच भारती राकेश वर्मा, दीपक वर्मा, सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी, कार्यकर्त्ता एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु जिलों के विभिन्न शहरों में 05 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 10 फरवरी से 13 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
83700 49468
90983 24969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर